राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
13 नवम्बर • 2024

# पब्लिक स्कूलों में नर्सरी दाखिला 2025 की प्रतीक्षित आवेदन प्रक्रिया घोषित

■ राकेश नाथ

नई दिल्ली। एसएनबी

दिल्ली के पब्लिक स्कूलों में नर्सरी के दाखिले की प्रतीक्षित आवेदन प्रक्रिया मंगलवार को घोषित कर दी गई। राजधानी के पब्लिक स्कूलों में सत्र 2025 के नर्सरी दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 28 नवम्बर से शुरू होगी। स्कूलों में आवेदन की अंतिम तिथि 20 दिसम्बर 2024 रखी गई है। नर्सरी दाखिले के लिए बच्चे की उम्र तीन साल से अधिक व चार साल से कम होनी चाहिए। इसी प्रकार केजी कक्षा में दाखिले के लिए बच्चे की उम्र चार साल से अधिक और पांच साल से कम होनी चाहिए। पहली कक्षा में दाखिले के लिए बच्चे की आयु पांच साल से अधिक व छह साल से कम होनी चाहिए। स्कूलो में दाखिले की पहली लिस्ट 17 जनवरी 2025 को जारी की जाएगी। इसी प्रकार दाखिले की दूसरी लिस्ट 3 फरवरी 2025 को जारी की जाएगी।

मंगलवार को शिक्षा निदेशालय ने पब्लिक स्कूलों में नर्सरी दाखिले के लिए अपनी गाइडलाइंस जारी कर दी। पिछले साल की तरह इस साल भी नर्सरी में 100 प्वाइंट्स वाले फॉर्मूले से दाखिला होगा। इसमें नेबरहुड, सिबलिंग, एल्युमनी खासतौर पर इस्तेमाल किए जाते हैं। शिक्षा निदेशालय ने अपनी गाइडलाइंस में स्कूलों को हर बार की तरह इस बार भी न्यायोचित और पारदर्शी दाखिला प्रक्रिया अपनाने को कहा है। इसके तहत सीटों से ज्यादा आवेदन होने पर ड्रॉ के जरिए दाखिले की लिस्ट जारी करनी होगी। स्कूलों को कहा गया है कि दाखिले के लिए होना वाला ड्रॉ पेरेंट्स के सामने करना होगा और अभिभावकों को इसकी सूचना दो दिन पहले देनी होगी । स्कूलों को ड्रॉ ऑफ लॉट्स की वीडियोग्राफी करनी होगी। नर्सरी दाखिले के लिए सभी पब्लिक स्कूलों को कहा गया है कि उन्हें 25 नवम्बर को नर्सरी दाखिले के क्राइटेरिया व प्वाइंट्स फॉर्मूले को निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड करना होगा और आवेदन के बाद बच्चों की लिस्ट व क्राइटेरिया के तहत किस बच्चे को क्या प्वाइंट्स दिए गए, इसको जारी करना होगा। निदेशालय ने दाखिले की लास्ट डेट 14 मार्च 2025 घोषित की है। निदेशालय ने अभी केवल ओपन सीटों के लिए दाखिला प्रक्रिया घोषित की है। स्कूलों में 25 फीसद ईडब्ल्यूएस तथा अन्य कैटेगरी के लिए दाखिला प्रक्रिया व शेड्यूल अलग से जारी किया जाएगा। निदेशालय ने कहा है कि सत्र 2025 के लिए नर्सरी दाखिले की सीटें पिछले तीन साल में हुए दाखिले की संख्या से कम नहीं किए जा सकते हैं। स्कूलों में आवेदन फॉर्म या आवेदन के लिए 25 रुपए ही लिए जा सकेंगे। अभिभावकों को स्कूल का प्रॉस्पेक्टस लेने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्राचार्य रुमा पाठक ने बताया कि हम लोग काफी समय से नर्सरी गाइडलाइंस का इंतजार कर रहे थे।

■ शिक्षा निदेशालय ने जारी की नर्सरी दाखिले की गाइडलाइंस

■ 28 नवम्बर से शुरू होंगे दाखिले

■ दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 20 दिसम्बर

■ दाखिले की अंतिम तिथि 14 मार्च 2025